| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Business Remedies | Jaipur | 26-08-2023 |

BTTL

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502
**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान
फोनः 02961 - 231251 - 52, 02962 - 302400; फैक्सः 02961-231254
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सेक्टर – 1, नोएडा - 201301, (उ.प्र.)
फोनः 0120-4390300 (EPABX); फैक्सः 0120-4277841
ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 16वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड (**"कम्पनी"**) की **16वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम")** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**"वीसी"**)/ अन्य ऑडियो विजुअल (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से **मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 को 2:00 बजे अपराह्न** 16वीं एजीएम की सूचना, जिसे नियत समय पर प्रेषित किया जाएगा, में निहित व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवारा – 327 001, राजस्थान, भारत माना जाएगा।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (**''एमसीए''**) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 (के साथ पठित परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021, परिपत्र सं. 21/2021 दिनांकित 14 दिसम्बर, 2021, परिपत्र सं. 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 एवं परिपत्र सं. 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022) तथा परिपत्र सं. 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के अनुपालन में तथा इसके साथ हीं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**''सेबी''**) द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रो दिनांकित 5 जनवरी 2023 (के साथ पठित परिपत्र दिनांकित 13 मई, 2022, दिनांकित 15 जनवरी, 2021 एवं दिनांकित 12 मई, 2020) (सामूहिक रूप से **"लागू परिपत्रों"** के रूप में संदर्भित) के हवाले से कम्पनियों के एजीएम का आयोजन, एजीएम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"वीसी/ ओएवीएम"**) के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी की 16वीं वार्षिक बैठक का आयोजन वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जायेगी। अतः सदस्य एजीएम में मात्र वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में सम्मिलित होने के निर्देश एजीएम की सूचना में प्रदान किए जाएंगे।

सदस्य यह भी ध्यान दें कि उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसरण में एवं सरकार की गो–ग्रीन पहल को अग्रसर करने हेतु, एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा भेजी जाएंगी जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत हैं। पूर्वोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.bttl.co.in, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट, अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें, कम्पनी की 16वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से, **बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 से मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 (दोनों दिवस सम्मिलित)** तक बंद रहेंगे।

कम्पनी एजीएम में संपादित किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने **नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा हेतु अधिकृत एजेंसी के तौर पर व्यवस्था की है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **शनिवार, 23 सितम्बर, 2023 को (9:00 बजे पूर्वाह्न) प्रारम्भ होगी और सोमवार, 25 सितम्बर, 2023 को (5:00 बजे अपराह्न) समाप्त होगी। मंगलवार, 19 सितम्बर, 2023 की कट–ऑफ तिथि के अनुसार,** भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरों को रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके उपरान्त ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीयों द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में, कट–ऑफ तिथि **मंगलवार, 19 सितम्बर, 2023** को दर्ज हो, मात्र वे ही रिमोट ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में वोट करने का पात्र होगा। डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर रखने वाले एवं जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा।

भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने कम्पनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वे रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अथवा बैठक के दौरान, एजीएम सूचना में दिए गए तरीके से, ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

किसी भी प्रश्न/ शिकायत के मामले में, सदस्य **http://www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रिक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु एजीएम में भाग लेने तथा रिमोट ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा 022 – 4886 7000 एवं 022 – 2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। सदस्य कम्पनी को **bttl.investor@lnjbhilwara.com** पर लिखकर एवं ईमेल कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**अविनव शर्मा**
**कम्पनी सचिव, अनुपालन अधिकारी और**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी (एसीएस–42599)**

**दिनांकः** 25 अगस्त, 2023
**स्थानः** नोएडा (उ.प्र.)